**दिनांक 25.07.2025 को अपराह्न 05.00 बजे अपर मुख्य सचिव महोदय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

उपस्थितिः—1. श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
2. श्री निर्मल कुमार, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
3. श्री सुलतान अहमद, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग
4. श्री संजय कुमार, संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
5. श्री अभय झा, संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
6. श्री समीर कुमार, नोडल पदाधिकारी, MMGSUY
7. श्री कुमार राजीव रंजन, नोडल पदाधिकारी, PMGSY
8. श्री सतीश चन्द्र, नोडल पदाधिकारी, MMGSUY
9. श्री बरूण कुमार, नोडल पदाधिकारी, MGSY
10. श्री अजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी, MMGSY

**बैठक के मुख्य बिन्दु :—**

अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में निर्णय लिया गया :—

1. ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम एवं MGSY योजनान्तर्गत कुल 797 आवंटित पैकेजों में से कुल 559 पैकेजों का एकरारनामा किया जा चुका है जिसमें से कुल 174 पैकेजों मे भुगतान किया गया है। शेष पैकेजों को यथाशीघ्र एकरारनामा करने एवं जल्द से जल्द सभी पथों में कार्य शुरू करके भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। माह जुलाई तक सारे आवंटित पथों को Potless करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन— सभी कार्यपलाक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग)

2. सभी अधीक्षण अभियंता को निदेश दिया गया कि सभी पथों में शीघ्र कार्यारम्भ करने का निदेश दिया गया है। जो भी संवेदक द्वारा कार्य करने में उदासीनता दिखायी जा रही है, उनपर CMBD एवं बिहार ठेकेदार निबंधन नियमवाली, 2007 की सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाय।

(अनुपालन— सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग)

3. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, कटिहार के संवेदक श्री मनोज कुमार यादव एवं कार्य प्रमंडल, उदाकिशुनगंज के संवेदक श्री मनोज कुमार यादव एवं श्री विलासचन्द्र यादव द्वारा पत्राचार के माध्यम से कार्य करने से इन्कार किया गया तथा उनके द्वारा एकरारनामा भी नहीं किया गया है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया है कि वे संवेदक के अग्रधन की राशि जप्त करने के अनुशंसा के साथ CMBD एवं बिहार ठेकेदार निबंधन

अग्रधन की राशि जप्त करने के अनुशंसा के साथ CMBD एवं बिहार ठेकेदार निबंधन नियमवाली, 2007 की सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

(अनुपालन–नोडल पदाधिकारी, MMGSUY एवं सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

4. एम0एम0जी0एस0वाई0(NDB) योजना अन्तर्गत BRRP Tranche-2 के अन्तर्गत 140 पथ ongoing है, जिनका कार्य 30 सितम्बर, 2025 तक गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करना है। सभी अधीक्षण अभियंता को उनके क्षेत्राधीन योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा कर प्रतिवेदन मुख्यालय को समर्पित करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग )

5. एम0एम0जी0एस0वाई0 (अवशेष) योजनान्तर्गत दिनांक 25.07.2025 तक 288 पैकेजों में से 177 पैकेजों का कार्य आवंटन किया जा चुका है। सभी अधीक्षण अभियंता को इन योजनाओं का एकरारनामा यथाशीघ्र करवाते हुए कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया है।

(अनुपालन–सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग )

6. मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत कुल 274 पुलों के डी0पी0आर0 में से 83 पुलों का डी0पी0आर0 मुख्यालय को समर्पित किया जा चुका है। सभी कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता को निदेश दिया गया है कि दिनांक 30.07.2025 तक सभी डी0पी0आर0 को मुख्यालय में समर्पित करने का निदेश दिया गया है ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

(अनुपालन–सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता एवं सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

7. मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत अबतक आवंटित सभी पुलों का एकरारनामा सुनिश्चित करते हुए कार्य प्रारंभ करने का निदेश दिया गया है।

(अनुपालन– सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

8. सभी योजनाओं में त्वरित गति से निष्पादन हेतु राशि की उपलब्धता ससमय कार्य प्रमंडलों को सुनिश्चित रखने हेतु आवंटन उपलब्ध कराने हेतु कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव एवं अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–संयुक्त सचिव, ब्राडा, ग्रामीण कार्य विभाग)

9. पी0एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत फेज–2 एवं फेज–3 का शेष कार्य मार्च 2026 तक अचूक रूप से गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने हेतु निदेश दिया गया है।

(अनुपालन– सभी कार्यपलाक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग)

10. सभी योजनाओं में आवंटित कार्यो में Joint Venture के रूप में सफल निविदाकार को चिन्हित करते हुए निबंधन शीघ्र कराये जाने हेतु नोडल पदाधिकारी, निबंधन को निदेश दिया गया।

(अनुपालन–अभियंता प्रमुख एवं नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग)

11. सभी योजनाओं के आवंटित कार्यो में E-BG का Verification शीघ्र कराये जाने हेतु नोडल पदाधिकारी, E-BG को निदेश दिया गया।

(अनुपालन– नोडल पदाधिकारी, E-BG एवं अपर मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग)

29/7/25

**(दीपक कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– मु०अ०–4 (मु०) विविध (कार्य)–06–153/2025-3891 /पटना, दिनांकः–30/07/202

प्रतिलिपिः सभी विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक/सभी नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, ग्रामीण कार्य विभाग एवं सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/7/25
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– मु०अ०–4 (मु०) विविध (कार्य)–06–153/2025-3891 /पटना, दिनांकः–30/07/202

प्रतिलिपिः–✓आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

29/7/25
अपर मुख्य सचिव